*Total number of printed pages — 8*

**22 HIN 2(ii)/17**

# 2017

# HINDI

## (Modern Indian Language)

**Full Marks - 100**

**Pass Marks - 33**

**Time : Three hours and *Fifteen Minutes**

***(*15 minutes are given as extra time for reading questions)***

साधारण निर्देश :

1. इस प्रश्न-पत्र के चार खण्ड हैं — क, ख, ग, घ ।
2. प्रत्येक प्रश्न अनिवार्य है।
3. प्रत्येक प्रश्न के लिए निर्धारित अंक प्रश्न के सामने दिए गए हैं।
4. उत्तर देते समय प्रश्न-पत्र में दी गई प्रश्न-संख्या तथा निर्देशों का ध्यान रखिए।

## खण्ड-क

### ( वाचन-10 अंक )

1. बरवै छन्द का लक्षण सोदाहरण लिखिए। 2

2. शब्दालंकार और अर्थालंकार में क्या अन्तर है? सोदाहरण लिखिए। 2

**निर्देश : प्रश्न-संख्या 3 से 6 तक के उत्तर एक-एक शब्द या शब्द-समूह या वाक्य में लिखिए।**

3. हरिगीतिका छन्द का एक उदाहरण लिखिए। 1

4. जहाँ किसी वस्तु या बात का वर्णन इतना बढ़ा-चढ़ाकर किया जाए कि लोकसीमा का उल्लंघन-सा प्रतीत हो, वहाँ कौन-सा अलंकार होता है? 1

5. दोहे का उलटा छन्द कौन-सा है? 1

6. 'मुख चन्द्रमा के समान सुन्दर है।'
— उपर्युक्त वाक्य कौन-से अलंकार का उदाहरण है? 1

**निर्देश : प्रश्न-संख्या 7 और 8 के उत्तर प्रश्नों के नीचे दिए गए संभावित विकल्पों में से सही उत्तर चुनकर कोष्ठक में दिए गए वर्ण को ही उत्तर-पुस्तिका में लिखिए।**

7. कनक कनक तें सौगुनी मादकता अधिकाय।
वा खाएँ बौराय हैं, या पाएँ बौराय॥
— उपर्युक्त पद में निहित छन्द का नाम क्या है? 1

(क) गीतिका

(ख) सोरठा

(ग) दोहा

(घ) हरिगीतिका

8. 'सुधि आए सुधि जाए।'
— उपर्युक्त पंक्ति में निहित अलंकार का नाम क्या है? 1

(क) व्यतिरेक

(ख) विरोधाभास

(ग) श्लेष

(घ) यमक

## खण्ड-ख

### ( लेखन-15 अंक )

9. मान लीजिए कि आप एक सरकारी हाई स्कूल के प्रधानाध्यापक हैं। आपके स्कूल में एक कम्प्यूटर अध्यापक का पद खाली है। इस पद के लिए सुयोग्य उम्मीदवारों से आवेदन-पत्र आमन्त्रित करते हुए एक विज्ञापन लिखिए। 8

10. मान लीजिए कि आप इम्फाल में प्रकाशित एक दैनिक समाचार-पत्र के सम्पादक हैं। मणिपुर में पिछले साल 2016 में आए भीषण भूकम्प के कारण मकान गिर जाने से कुछ लोग मारे गए और कुछ लोग बेघर हो गए हैं। इस सम्बन्ध में आप अपने दैनिक पत्र में छपाने लायक एक समाचार-लेख लिखिए। 7

## खण्ड-ग

### ( व्याकरण-15 अंक )

**निर्देश : प्रश्न-संख्या 11 और 12 के उत्तर लगभग 50-50 शब्दों में लिखिए।**

11. सन्धि और समास में अन्तर सोदाहरण समझाइए। 4

12. कर्मधारय समास और बहुव्रीहि समास में अन्तर सोदाहरण समझाइए। 4

13. 'जो साहसी पुरुष होते हैं, वे सफल होते हैं।'
— उपर्युक्त वाक्य को सरल वाक्य में परिवर्तित कीजिए। 1

14. 'श्रीकृष्ण सुदामा का कष्ट सुनकर अति दु:खित हुए।'
— उपर्युक्त वाक्य को संयुक्त वाक्य में परिवर्तित कीजिए। 1

15. तद्भव शब्द किसे कहते है? उदाहरण देकर समझाइए। 1

16. 'दाँत खट्टे करना' मुहावरे का अर्थ लिखिए। 1

17. 'नदी में रहकर मगर से बैर' लोकोक्ति का अर्थ लिखिए। 1

**निर्देश : प्रश्न-संख्या 18 और 19 के उत्तर प्रश्नों के नीचे दिए गए संभावित विकल्पों में से सही उत्तर चुनकर कोष्ठक में दिए गए वर्ण को ही उत्तर-पुस्तिका में लिखिए।**

18. 'किसी पर झूठे लांछन लगाना' के लिए उपयुक्त मुहावरा कौन-सा है? 1

(क) आँखों में धूल झोंकना

(ख) कीचड़ उछालना

(ग) जले पर नमक छिड़कना

(घ) राई का पहाड़ बनाना

19. 'बुरी हालत होने पर भी घमण्ड नहीं गया।' — के लिए उपयुक्त लोकोक्ति कौन-सी है? 1

(क) रस्सी जल गई, ऐंठ न गई।

(ख) सीधी ऊँगली से घी नहीं निकलता।

(ग) अपनी गली में कुत्ता भी शेर।

(घ) दूध का जला छाछ फूँक-फूँक कर पीता है।

## खण्ड-घ

## ( साहित्य-60 अंक )

### *( पद्य : प्राचीन—8 अंक और आधुनिक—12 अंक )*

20. नीचे लिखे पद्यांश की सप्रसंग व्याख्या कीजिए : 7

(क) धनि रहीम जल पंक को, लघु जिय पियत अघाइ।
उद्धि बड़ाई कौन है, जगत पियासो जाइ॥

*अथवा*

(ख) ऐसी मूढ़ता या मन की।
परिहरि राम भगति सुर सरिता आस करत ओस कन की॥
धूम समूह निरखि चातक ज्यों तृषित जानि मति घन की।
नहिं तहँ सीतलता न बारि, पुनि हानि होति लोचन की॥

21. नीचे लिखे पद्यांश की सप्रसंग व्याख्या कीजिए : 7

(क) चाँद और तारों की छत है
दिशा-दिशा दीवार है,
सारी धरती मेरा आँगन
पूरब-पश्चिम द्वार है।

*अथवा*

(ख) गौर से देखता है
फिर जम्हाई लेता है बार-बार
अनिच्छा-भरी साँस से।

22. स्पष्ट कीजिए कि 'प्रौढ़ शिक्षा' कविता में कवि प्रौढ़ शिक्षा कार्यक्रम का यथार्थ चित्रण चित्रित करता है। 4

**निर्देश : प्रश्न-संख्या 23 और 24 के उत्तर एक-एक वाक्य में लिखिए।**

23. 'स्याम-रूप सुचि रुचिर कसौटी'

— इस पंक्ति में निहित भाव स्पष्ट कीजिए। 1

24. 'अमल-धवल गिरि के शिखरों पर
प्रियवर, तुम कब तक सोये थे?'
— उपर्युक्त पंक्तियाँ कौन-सी कविता से उद्धृत की गई हैं? 1

*( गद्य—25 अंक )*

25. नीचे लिखे गद्यांश की सप्रसंग व्याख्या कीजिए : 7

(क) मीठी बातों से बाघ के मुँह से अपना सिर नहीं निकाला जा सकता। उस वक्त बाघ का मारना ही एक इलाज है।

*अथवा*

(ख) बहुत-से लोग इस पर हँसते हैं और व्यंग्य करते हैं, क्योंकि असमीया किसी की चीज का लोभ न करने का अर्थ वह भी लगाते हैं कि मैं मेहनत क्यो करूँ?

**निर्देश : प्रश्न-संख्या 26 और 27 के उत्तर लगभग 40-40 शब्दों में लिखिए।**

26. एड्स के लक्षण क्या-क्या हैं? 4

27. प्राचीन काल में मणिपुर की महिलाएँ युद्ध-विद्या क्यों सीखती थी? 4

**निर्देश : प्रश्न-संख्या 28 और 29 के उत्तर लगभग 25-25 शब्दों में लिखिए।**

28. असमीया का जीवन-दर्शन क्या है? 2

29. युबी लाकपी कैसा खेल है? 2

**निर्देश : प्रश्न-संख्या 30 से 33 तक के उत्तर एक-एक वाक्य में लिखिए।**

30. कौन-से खेल को 'मणिपुरी हॉकी' कहा जा सकता है? 1

31. माजुली क्या है? 1

32. 'साहित्यिक की मूर्तिपूजा' पाठ का लेखक कौन है? 1

33. किसी जाति की पहचान किससे होती है? 1

**निर्देश : प्रश्न-संख्या 34 और 35 के उत्तर नीचे दिए गए संभावित विकल्पों में से सही उत्तर चुनकर कोष्ठक में दिए गए वर्ण को ही उत्तर-पुस्तिका में लिखिए।**

34. एड्स की बीमारी सर्वप्रथम 1981 में कहाँ पहचानी गई? 1

(क) एशिया में

(ख) अफ्रिका में

(ग) अमेरिका में

(घ) आस्ट्रलिया में

35. 'मणिपुर के प्रमुख प्राचीन खेल' पाठ का लेखक कौन है? 1

(क) इबोहल सिंह काङ्जम

(ख) एस. लनचेनबा मीतै

(ग) एस. लोकेन्द्र शर्मा

(घ) थाङ्जम इबोपिशक सिंह

## ( पूरक पाठ्यपुस्तक—15 अंक )

36. पठित पाठों 'मानव की प्रगति में विज्ञान' और 'भारतीय संस्कृति : एक झलक' में से किसी एक पाठ का सारांश लगभग **150** शब्दों में लिखिए। 7

37. पुराण कालीन भारतीय संस्कृति की विशेषताएँ स्पष्ट कीजिए। 4

38. नौकरी छूट जाने पर घर आते समय विजयकृष्ण ने क्या सोचा? 4

---